डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

कार्यालय–ज्ञाप

{विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं की बैक पेपर (सम–विषम सेमेस्टर) परीक्षा–2021 सम्पन्न कराये जाने के संदर्भ में}

विश्वविद्यालय एवं इससे सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं में संचालित समस्त सेमेस्टर/वार्षिकी पाठ्यक्रमों की सत्रान्त परीक्षा मई, 2020 के अन्तर्गत वार्षिकी/सम सेमेस्टर एवं अधिसत्र परीक्षा दिसम्बर, 2020 के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर में अध्ययनरत् अर्ह विद्यार्थियों की बैक पेपर परीक्षा में प्रतिभाग के संबंध में **बैक पेपर (सम–विषम सेमेस्टर) परीक्षा–2021** के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के पत्र संख्या सी.ओ.ई.–166 दिनांक 20.07.2021 के द्वारा परीक्षा समय सारणी निर्गत की जा चुकी है जो विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

01). तत्क्रम में विश्वविद्यालय के निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या सी.ओ.ई.–130 दिनांक 09.07.2021 (छायाप्रति संलग्न) के अनुसार ही विश्वविद्यालय एकेडमिक **A-1** ब्लाक में {(प्रथम पाली–पूर्वान्ह 9:00 बजे से 11:00 बजे पूर्वाहन तक) तथा (तृतीय पाली–अपराह्न 3:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक)} आयोजित **बैक पेपर (सम–विषम सेमेस्टर) परीक्षा–2021** के सुचारू संचालन हेतु पर्यवेक्षक, सचल–दल, केन्द्राध्यक्ष, सहायक–केन्द्राध्यक्ष आदि के रूप में नामित किये गये शिक्षकवृन्द एवं परीक्षा डयूटी चार्ट के अनुसार संबंधित परीक्षा दायित्व निवर्हन हेतु नामित शिक्षकवृन्द एवं कार्मिको के द्वारा ही परीक्षा पर्यन्त किया जायेगा।

02). **बैक पेपर (सम–विषम सेमेस्टर) परीक्षा–2021** हेतु निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार परास्नातकस्तरीय परीक्षाओं को विभागीय स्तर पर ही सम्पन्न कराया जायेगा।

03). विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कल्याणं करोति, मथुरा एवं हिन्द महाविद्यालय, बाराबंकी की **बैक पेपर (सम–विषम सेमेस्टर) परीक्षा–2021** को विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या सी.ओ.ई.–137 दिनांक 14.07.2021 (छायाप्रति संलग्न) के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में उक्त परीक्षाओं को शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ अनिवार्य रूप से सी.सी.टी.वी. कैमरे की निगरानी में सम्पन्न कराये जाने हेतु नामित किये गये परीक्षा केन्द्र, केन्द्राध्यक्ष तथा पर्यवेक्षक हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है।

उपर्युक्तानुसार **बैक पेपर (सम–विषम सेमेस्टर) परीक्षा–2021** के सम्पादन के लिये परीक्षा संबंधी दायित्व निर्वहन नामित शिक्षकवृन्द एवं कार्मिक परीक्षा पर्यन्त करेंगे। अतः उपरोक्तानुसार इस संबंध में निर्देशित किया जाता है कि अपने स्तर से अर्ह विद्यार्थियो को सूचित करने का कष्ट करें कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित व्यवस्थानुसार परीक्षा समय सारिणी एवं व्यवस्थानुसार एडमिट कार्ड प्राप्त करते हुए निर्धारित परीक्षा केन्द्र में आयोजित उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः सी.ओ.ई.–184/पत्रा.सीओई–165ए/डीएसएमएनआरयू/बै0पेपरी0,21/2021–22 दिनांक 26.07.2021

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
4. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
5. कुलानुशासक, विश्वविद्यालय।
6. उपर्युक्तानुसार संबंधित सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं को तत्काल ई–मेल के माध्यम से अनुपालनार्थ प्रेषित।
7. सिस्टम एनालिस्ट विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर अपलोड हेतु प्रेषित।
8. उपर्युक्तानुसार नामित शिक्षकवृन्द एवं कार्मिक को अनुपालनार्थ।
9. चिकित्सा अधीक्षक, विश्वविद्यालय।
10. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ एवं अनुभाग।
11. गार्ड फाइल।

24/7/21

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक